# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ ( )कुलसचिव कार्यालय/मदसविवि/2026/5772 दिनांक 31-7-26

## परिपत्र

विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर का 39वाँ स्थापना दिवस समारोह दिनांक 01 अगस्त 2026 (शनिवार) को विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय एवं भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान के माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष होंगे। कार्यक्रम में माननीय अध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा श्री वासुदेव देवनानी सारस्वत अतिथि तथा माननीय केबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार श्री सुरेश सिंह रावत विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। यह समारोह विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल के पावन सान्निध्य में सम्पन्न होगा।

कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षकों एवं कार्मिकों का धन्वंतरि आरोग्य केन्द्र में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं निःशुल्क औषधि वितरण का आयोजन किया जा रहा है। तत्पश्चात् अपरान्ह् 1.15 बजे से बृहस्पति भवन प्रांगण में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। अपरान्ह् 2.00 बजे से स्वराज सभागार में माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल राजस्थान की अध्यक्षता में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा।

विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे स्थापना दिवस समारोह एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों में समयानुसार उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा में सहभागिता सुनिश्चित करें। समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, केन्द्राध्यक्ष, शाखा अधिकारी एवं अनुभागाध्यक्ष अपने–अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिकों एवं विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम की सूचना विधिवत देने का श्रम करें। सभी निर्धारित समय से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश एवं सुरक्षा व्यवस्था को

दृष्टिगत रखते हुए ''सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय का वैध परिचय–पत्र (Identity Card) साथ रखना अनिवार्य होगा।''

जिन कार्मिकों अथवा विद्यार्थियों के पास विश्वविद्यालय परिचय–पत्र उपलब्ध नहीं है अथवा जिनका परिचय–पत्र खो गया है, वे ''कार्यक्रम से पूर्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण (Dean Students' Welfare) कार्यालय से इस कार्यक्रम के लिए अस्थायी परिचय पत्र जारी करवाना सुनिश्चित करें।''

उक्त आदेश सक्षम प्राधिकार की अनुमति से निर्गत किए जाते हैं।

कुलसचिव

**क्रमांकः एफ ( )कुलसचिव कार्यालय/मदसविवि/2026/** 5773-837 **दिनांक** 31-7-26

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त संकायाध्यक्ष।
2. समस्त विभागाध्यक्ष।
3. समस्त निदेशक,केन्द्राध्यक्ष।
4. वित्त नियंत्रक।
5. परीक्षा नियंत्रक।
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण।
7. मुख्य कुलानुशासक
8. प्रभारी, धन्वतरि स्वास्थ्य केन्द्र।
9. समस्त शाखा अधिकारी, अनुभागाध्यक्ष
10. कुलगुरू सचिवालय/निजी सहायक – कुलसचिव कार्यालय
11. जनसम्पर्क प्रकोष्ठ, व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु।
12. सूचना एवं संचार प्रकोष्ठ, विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं सोशल मीडिया पर अपलोड करने हेतु।
13. समस्त सूचना पट्ट।
14. संबंधित अभिलेख।

कुलसचिव